878(E)
05/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 4/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Road from Shivdhara to Harpur Chowk from Ch.0+000 Km. to 4+400 Km. (Total Length-4.400 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–17(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Road from Shivdhara to Harpur Chowk from Ch.0+000 Km. to 4+400 Km. (Total Length-4.400 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, दरभंगा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1927.94 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8090(एस०) दिनांक–20.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1577.00 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3625(अनु०) दिनांक–02.12.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1494.26834 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 08 (Eight) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 13.12.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Barhonia Engicon Pvt. Ltd. (2) Narsingh Singh

(3) Satish Kumar Thakur

4. उपभागीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल तीन निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Barhonia Engicon Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल शेष दो निविदाकार यथा (1) Narsingh Singh को SBD के ITB- Cl.- 4.7 तथा (2) Satish Kumar Thakur को SBD के ITB Cl.-4.7, 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। साथ ही प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, बशर्ते विभागीय आदेश–141–सह पठित ज्ञापांक– 5355(S) दिनांक–28.10. 2021 के आलोक में निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Narsingh Singh के पत्रांक–01 दिनांक–01.01.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–17(अनु०) दिनांक–05.01.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल एक निविदाकार Narsingh Singh के पत्रांक–01 दिनांक–01.01.2026 द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत परिवाद दिया गया है।

**<u>परिवाद की समीक्षा :–</u>**

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | Narsingh Singh से प्राप्त परिवाद :–<br>विषयांकित निविदा हेतु दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही जो भवदीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है, के द्वारा मेरे कम्पनी Narsingh Singh को Bid Capacity | Narsingh Singh द्वारा निविदा में Uploaded Annual Turn Over Certificate का UDIN Verification करने के उपरांत अधिकतम Annual Turn Over (वर्ष 2022–23) Rs. 2627.2605 लाख के आधार पर इनके Bid Capacity की गणना की गई, जिसके अनुसार इनका Bid |

| | | |
|---|---|---|
| | ₹556.48 lacs है, जो वांछित अर्हत्ता ₹1494.26834 lacs से कम बताते हुये SBD के ITB Cl.- 4.7 के आलोक में मुझे विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड में असफल घोषित कर दिया गया।<br><br>उक्त के आलोक में निवेदन पूर्वक कहना है कि वर्त्तमान में मेरा Bid Capacity ₹4879.58 lacs है, जो वांछित अहर्त्ता ₹1494.26834 lacs से अधिक है। अतः भवदीय से अनुरोध है कि मेरा Bid Capacity की गणना पुनः करते हुए मुझे विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की कृपा की जाय। | Capacity Rs. 556.48 लाख है, जो वांछित अर्हत्ता Rs. 1494.26834 लाख से कम है। फलस्वरूप इन्हें SBD के ITB Cl.- 4.7 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।<br><br>Narsingh Singh द्वारा परिवाद/आपत्ति में वर्ष 2021–22 के Annual Turn Over के आधार पर Bid Capacity की गणना की गई है तथा इसे वांछित अहर्त्ता से अधिक बताया गया है।<br><br>समीक्षोपरांत पाया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन के समय इनके वर्ष 2021–22 के Annual Turn Over का UDIN-22088105ARVXCN8166 का सत्यापन दिनांक– 24.12.2025 को किया गया एवं इसके अनुसार इनका वर्ष 2021–22 का Annual Turn Over Rs. 1,24,01,770.00 पाया गया। प्राप्त परिवाद के आलोक में उक्त UDIN- 22088105ARVXCN8166 का पुनः सत्यापन दिनांक–01.01.2026 को किया गया एवं सत्यापनोपरांत इनका वर्ष 2021–22 का Annual Turn Over Rs. 39,38,78,283.00 पाया गया। इसके अनुसार Narsingh Singh का Bid Capacity 1.46 x 3938.78283 x 8/12 x 3 – 6432.03 = Rs. 5069.21 लाख होता है, जो वांछित अहर्त्ता Rs. 1494.26834 लाख से अधिक है।<br><br>अतः वर्त्तमान में UDIN सत्यापित वर्ष 2021–22 के Annual Turn Over के आधार पर Narsingh Singh का परिवाद/आपत्ति मान्य है। |

**निष्कर्ष** :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त Narsingh Singh के पत्रांक–01 दिनांक–01.01.2026 द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए तीन निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) Barhonia Engicon Pvt. Ltd. एवं (2) Narsingh Singh को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार यथा Satish Kumar Thakur को SBD के ITB Cl.- 4.7, 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने हेतु संशोधित अनुशंसा की जाती है।

निर्गत शाखा
5/2/26

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

7.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–17(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैं:–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **Narsingh Singh** के पत्रांक–01 दिनांक–01.01.2026 द्वार दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3895 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

04/02/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

04/02/26
(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
उत्तर,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

04/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–02/2026 878(E)

पटना, दिनांक 05/02/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।